प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

........................

- राजस्थान पुलिस का स्थापना दिवस आज–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, पुलिस और नागरिकों के बीच नियमित संवाद जरूरी।
- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं को पारदर्शिता के साथ लागू करने के निर्देश दिए।
- भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज जयपुर में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की कार्यशाला का आयोजन।
- प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हुए–बाडमेर और जैसलमेर में पारा एक बार फिर 45 डिग्री के पार।

........................

राजस्थान पुलिस का आज स्थापना दिवस है। 16 अप्रैल 1949 को राजस्थान पुलिस का गठन हुआ था। इस अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने सेरेमोनियल परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक और पुलिस पदक प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान पुलिस के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस समाज के हर वर्ग की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज का रिश्ता विश्वास और सहयोग का होना चाहिए। इसके लिए पुलिस और नागरिकों के बीच नियमित संवाद जरूरी है।

........................

कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, पुलिस के अन्य आला अधिकारी और कार्मिक तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अकादमी में आज रक्तदान शिविर भी लगाया गया है। शाम को जवाहर सर्किल पर पुलिस बैंड की प्रस्तुति होगी। पुलिस स्थापना दिवस के सिलसिले में प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।

........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार संकल्पबद्ध होकर काम कर रही है। श्री शर्मा कल जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर कर ही आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं की पारदर्शिता के साथ क्रियान्विति करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बरतने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

........................

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। जयपुर में आयोजित बैठक में शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में हर महीने कम से कम चार बार अनिवार्य रूप से ठहरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं की जमीनी हकीकत समझी जा सकेगी। साथ ही विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे। उन्होंने परियोजनाओं की मंजूरी, खर्च और बजट उपयोग से संबंधित जानकारी हासिल की। श्री दिलावर ने अधिकारियों को लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

........................

मुख्य सचिव सुधांश पंत कल कोटपूतली–बहरोड़ जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने वहां जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि बिजली, पानी और आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी, बिजली और चिकित्सा की सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के

बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर में कोटपूतली–बहरोड़ जिले ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सबसे ज्यादा किसानों की रजिस्ट्री कर जिले ने राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

.........................

भारतीय जनता पार्टी के जयपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में आज वक्फ सुधार जन जागरण अभियान की कार्यशाला आयोजित की जायेगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी, सांसद और राष्ट्रीय महामंत्री डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल इस कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी कार्यशाला को संबोधित करेंगे। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, अभियान के संयोजक, सह संयोजक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान डॉ अग्रवाल संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ चर्चा भी करेंगे।

..........................

डूंगरपुर जिले के सीमलवाड़ा में पोषण पखवाड़े के तहत कल सेक्टर बांसिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोषण अभियान के ब्लॉक समन्वयक कौशल कुमार कलाल ने इस दौरान बताया कि बच्चों के जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कुपोषण प्रबंधन पर जोर दिया। गंभीर मामलों को कुपोषण उपचार केंद्र भेजने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में पौष्टिक आहार और हरी पत्तेदार सब्जियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

.........................

सवाईमाधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति के स्त्रोत ईसरदा बांध का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इस बांध के बन जाने से बारिश के पानी का संग्रहण संभव हो सकेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि ईसरदा बांध से क्षेत्र के 1 हजार 256 गांवों और छह शहरों को पीने का स्वच्छ पानी मिल सकेगा।

......................

प्रदेश के रेगिस्तानी इलाकों में जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन करने के लिये मौसम विज्ञान विभाग की ओर से रिसर्च सेंटर बनाया जायेगा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि ये रिसर्च सेंटर बीकानेर–जैसलमेर क्षेत्र में खोला जायेगा। इसके लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस संबंध में आज जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में डेजर्ट मेटियोरोलोजी और अनुसंधान विषय पर कार्यशाला रखी गई है। श्री शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में अलग–अलग विभागों और क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यशाला में भारतीय मौसम विभाग के डीजीएम डॉ. एम. महापात्रा, आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल होंगे।

......................

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हो गये है। अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में 17 शहरों का पारा 40 डिग्री सैल्सियस के पार दर्ज किया गया। वहीं दो शहरों बाडमेर और जैसलमेर का तापमान एक बार फिर 45 डिग्री सैल्सियस के पार पहुंच गया। 45 दशमलव 5 डिग्री के साथ बाड़मेर जिला कल सबसे गर्म रहा। 28 दशमलव 6 डिग्री के साथ बीकानेर में सबसे गर्म रात रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के पश्चिमी जिलों में आज और कल अधिकतम तापमान 45–46 डिग्री दर्ज होने तथा अनेक भागों में हीटवेव चलने की संभावना है। कल और परसों कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

...........................

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में वाद्य महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन के इस महोत्सव में आज दूसरे दिन सरोद वादन और की–बोर्ड वादन की प्रस्तुतियां होंगी। कल सितार और वायलिन की मधुर धुनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सितार पर राग मधुवंती की पेशकश हुई। वहीं वाइलिन पर राग यमन बजाया गया।

...............................